हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 22 नवंबर 2025
गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 जलाभिषेक व भंडारे के साथ नर्मदा परिक्रमा का हुआ...



07 भारत स्काउट गाइड के संभागीय शिविर में ...



## खबर संक्षेप

### मनसापूर्ण हनुमान मंदिर में भंडारा 29 को होगा

**विदिशा।** पुराना कोर्ट परिसर स्थित मनसा पूर्ण हनुमान मंदिर में पिछले 10 वर्षों से चल रहे सुदरकांड पाठ के समापन एवं 11वें वर्ष में के उपलक्ष्य में 29 नवंबर को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस भंडारे में शहर की तमाम मानस मंडलियों सहित साधु-संतों को आमंत्रित किया गया है। आयोजन में प्रमुख रूप से घटेरा गुरुगादी के महामंडलेश्वर श्रीश्री रामदास महाराज, रंगई धाम के महंत श्री विश्वंभरदास रामायणी महाराज, कमापार मंदिर के महंत नूरपुर के महंत सहित खामबाबा मंदिर के महंत शामिल होंगे। वरिष्ठ अधिवक्ता लक्ष्मीनारायण दंडोतिया ने बताया कि यह आयोजन 29 नवंबर को सुबह 11.30 बजे प्रारंभ होगा।

### एक प्रकरण में नकद इनाम की घोषणा

**विदिशा।** एसपी रोहित काशवानी ने अज्ञात फरार आरोपी के प्रकरण में सूचना देने वालों को 10 हजार रुपए की नकद राशि देने की घोषणा की है। सूचनाकर्ता चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा। आदेश में उल्लेख है कि सिविल लाइन थाना विदिशा में दर्ज अपराध के अज्ञात फरार आरोपी की सूचना देने वाले को दस हजार की नगद राशि इनाम देने की घोषणा की है।

### जीवन में सच्चे हितैषी की पहचान करना कठिन

**विदिशा।** मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज ने बूड़ी बागरौद स्थित जिनालय परिसर में प्रवचन दिए। उन्होंने कहा कि धन-संपत्ति रहते लोग मित्रता जताते हैं और बुरी आदतों को बढ़ावा देते हैं, लेकिन विपत्ति आते ही ऐसे लोग दूर हो जाते हैं। वास्तविक मित्र वह है जो कठिन समय में बिना दिखावे के साथ दे और बुराइयों से बचाए। मुनिश्री ने कहा कि सच्चा बंधु रक्त संबंध से नहीं, बल्कि संकट में किए गए सहयोग से पहचाना जाता है। प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया कि मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज का संघ 22 नवंबर को राहतगढ़ पहुंचेगा। यहां 27 नवंबर से 2 दिसंबर तक नवीन जिनालय के पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महा महोत्सव का आयोजन होगा।

### सुपर लीग मुकाबले में बादशाह 11 की जीत



**विदिशा।** सुपर लीग के रोमांचक मुकाबले में बादशाह 11 ने 5 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। थंडर 11 पहले बल्लेबाज़ी करते हुए बादशाह 11 के घातक गेंदबाज़ी आक्रमण के सामने टिक नहीं सके और सिर्फ 7 ओवर में 49 रन पर आलआउट हो गए। लक्ष्य का पीछा करते हुए बादशाह 11 ने तेज शुरुआत की, हालांकि बीच-बीच में विकेट गिरने से रोमांच बढ़ा। इसके बावजूद टीम ने 4.3 ओवर में 50 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। शानदार बल्लेबाज़ी और सटीक गेंदबाज़ी के दम पर बादशाह 11 ने मुकाबले में अपना दबदबा साबित किया।

### सबका साथ, सबका विश्वास और सबका विकास के संकल्प के साथ तेजी से बढ़ रहा प्रदेश : सीएम

# मुख्यमंत्री ने कागपुर को दी 39.80 करोड़ की सौगात, जिपं अध्यक्ष ने रखीं दो मांगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को कागपुर पहुंचे। उन्होंने कागपुर में 5 करोड़ 75 लाख रुपए की लागत से निर्मित 128 दुकानों वाले हाट बाजार का लोकार्पण किया। इस दौरान 39.80 करोड़ लागत के 137 निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 तक प्रदेश की सभी पंचायतों में श्मशान घाटों तक पक्की सड़कें और आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर दी जाएंगी। प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि दिसंबर 2026 तक प्रत्येक गांव में शमशान होगा। मुक्तिधाम की तारफेंसिंग से लेकर गांव से शमशान तक सीसी रोड होगी। जहां जरूरत है वहां पर पुलिया भी बनाई जाएगी। उल्लेखनीय है कि जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी की इस मांग को मुख्यमंत्री और पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल ने गंभीरता से लेकर इस योजना को पूरे प्रदेश में लागू करने का प्लान बनाया है। इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह बघेल, प्रभारी मंत्री लखन पटेल, सांसद लता वानखेड़े, सूर्यप्रकाश मीणा, उमाकांत शर्मा, मुकेश टंडन, हरिसिंह सप्रे, हरिसिंह रघुवंशी, भाजपा जिलाध्यक्ष महाराज सिंह दांगी आदि मौजूद रहे।

#### कागपुर में एमपी टूरिज्म द्वारा वाटर पार्क का निर्माण किया जाएगा



**विदिशा।** कार्यक्रम के दौरान लखपति दीदीयों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव सहित जनप्रतिनिधि।

### पेयजल, सड़क मरम्मत और स्ट्रीट लाइट जैसी आवश्यकताओं के लिए मिलने वाली स्टाम्प ड्यूटी की राशि शुरू करने की मांग



कागपुर में आयोजित जन-संवाद कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के समक्ष दो प्रमुख मांगें रखीं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल, सड़क मरम्मत और स्ट्रीट लाइट जैसी छोटी-छोटी आवश्यकताओं के लिए पूर्व में मिल रही स्टाम्प ड्यूटी की राशि अत्यंत उपयोगी थी। अतः जनपद व जिला पंचायतों को यह राशि पुनः शुरू की जाए, ताकि स्थानीय समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। इस दौरान कार्यक्रम में श्यामसुंदर शर्मा, तोरण सिंह दांगी, मनोज कटारे, मंजरी जैन, देवेश मीणा, मनेन्द्र बघेल, जपं अध्यक्ष वीर सिंह रघुवंशी, संगीता यशपाल रघुवंशी आदि भाजपा नेताओं सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर बड़ी संख्या में जिलेभर के जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। अंत में सांसद लता वानखेड़े ने आभार भाषण दिया।

### प्रेमभैया जैसे बनें ईमानदार नेता : बघेल

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह बघेल ने मंच से संबोधित करते हुए पूर्व विधायक प्रेमनारायण शर्मा की ईमानदारी और सादगीपूर्ण जीवन से सीख लेने का आव्हान किया। उन्होंने वर्तमान नेताओं से अपील करते हुए कहा कि हमें ऐसे नेताओं की चिंता करना चाहिए। इनकी बदौलत ही भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। सीएम मोहन यादव ने पूर्व विधायक शर्मा का मंच पर शाल श्रीफल से अभिनंदन किया।

### विधायक ने रखीं मांगें

विधायक सूर्यप्रकाश मीणा ने करारिया शमशाबाद रोड के लिए 68 करोड़ रुपए की मांग रखी। सिंचाई से वंचित करीब 45 गांवों तक पानी पहुंचाने के लिए प्रेसराइज्ड पाइप लाइन की मांग रखी। इससे 7 हजार हेक्टेयर सिंचाई का रकबा बढ़ेगा। इसके साथ खामखेड़ा में कॉलेज, शमशाबाद नगर परिषद को 5 करोड़ रुपये, बालाबरखेड़ा की 10 किलोमीटर सड़क और ढाड़ौन से वर्धा-सांगुल रोड सहित अन्य मांगें शामिल हैं।

## ऑडियो हुआ वायरल: थाने पहुंचे नपा उपाध्यक्ष संजय दिवाकीर्ति



**विदिशा।** वीडियो वायरल होने के बाद थाने पहुंचे नपाध्यक्ष प्रतिनिधि व उपाध्यक्ष।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

नगरपालिका के कार्यकारी अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष संजय दिवाकीर्ति शुक्रवार को नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा के साथ कोतवाली थाना पहुंचे। जहां उन्होंने दो अलग-अलग मामलों में शिकायतें दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

दिवाकीर्ति ने आरोप लगाया कि एक अनाज गल्ला व्यापारी ने उन्हें फोन पर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए अपमानजनक शब्द कहे। इस बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद उन्होंने मामले को गंभीर बताते हुए मुकदमा दर्ज करने की मांग की। दूसरी शिकायत में दिवाकीर्ति ने एक यूट्यूबर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनके अनुसार यूटूबर द्वारा उनसे अड़ीबाजी कर पैसों की मांग की गई तथा संबंधित वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर उनकी छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया। कोतवाली टीआई आनंद राज ने दोनों प्रकरणों में प्राप्त शिकायतों की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। अधिकारी ने कहा कि साक्ष्यों के आधार पर उचित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### राहत: आज से सुबह 8.30 से लगेंगे स्कूल

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** ठंड और शीत लहर को देखते हुए जिला शिक्षाधिकारी ने स्कूलों के समय में बदलाव कर दिया है। समस्त स्कूलों के प्राचार्यों को निर्देश दिए गए हैं कि विद्यालय संचालन का समय सुबह 8.30 बजे से किया जाए। यह आदेश प्री नर्सरी से कक्षा 8 वीं तक की कक्षाओं के लिए रहेगा। परीक्षाओं का संचालन समय सारणी अनुसार ही होगा।

### स्टेशन पर ट्रॉली पलटी 2 महिलाएं गंभीर घायल

**विदिशा।** करारिया के ग्राम डंगरबाड़ा से लौट रहे मजदूर से भरी ट्रॉली अनियंत्रित रेलवे स्टेशन के सामने पलट गई। हादसे में दो महिलाएं धर्मबाई और लक्ष्मीबाई गंभीर रूप से घायल हुईं, जबकि कुछ मजदूरों को मामूली चोटें आईं। हेड कांस्टेबल सूर्य प्रकाश ने बताया कि ट्रॉली का पहिया डिवाइडर पर चढ़ने से दुर्घटना हुई। घायलों को भर्ती करा दिया है।

### अभिनव सहकारी व्यवसाय मॉडल पर कार्यक्रम आयोजित

**विदिशा।** नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित विदिशा में वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए अभिनव सहकारी व्यवसाय मॉडल विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। बैंक के पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र यादव ने बैंक की स्थापना से 2025 तक की प्रगति को कंप्यूटर आधारित प्रस्तुति के माध्यम से साझा किया। उन्होंने बताया कि बैंक का एनपीए मात्र 3 प्रतिशत है तथा जमा पूंजी व विभिन्न योजनाओं में हुई वृद्धि उल्लेखनीय है। कार्यक्रम में सहकारिता विभाग विदिशा के वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक एमएस भदौरिया ने सहकारिता आंदोलन की प्रासंगिकता, कृषक हित संरक्षण एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सहकारी संस्थाओं की भूमिका पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि नवाचार आधारित व्यवसाय मॉडल अपनाना होगा, जिससे किसानों की आय बढ़े और स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत हो।

## शिशु सुरक्षा सप्ताह के समापन पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित



**विदिशा।** महिलाओं को जानकारी देते हुए आईएपी अध्यक्ष डॉक्टर एमके जैन।

**विदिशा।** राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह के समापन पर इंटीग्रेटेड अकैडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स, शिशु विभाग मेडिकल कॉलेज एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में प्रसूति वार्ड में भर्ती माताओं और परिजनों के लिए शिशु सुरक्षा विषयक क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई।

प्रतियोगिता में नवजात की आवश्यक देखभाल पर जानकारी दी गई, जिसमें 2.5 किलो से अधिक वजन, जन्म के तुरंत बाद रोना, गुलाबी रंग, जन्म के आधे घंटे के भीतर स्तनपान तथा छह माह तक सिर्फ मां का दूध दिए जाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष डॉ. नीति अग्रवाल, आईएपी अध्यक्ष डॉ. एमके जैन एवं अन्य विशेषज्ञों ने किया। सही उत्तर देने वाली माताओं को सम्मानित कर पुरस्कार वितरित किए गए।

### 33 साल के युवक ने घर में फंदा लगाकर की आत्महत्या, मजदूरी करके पालता था परिवार

**विदिशा।** मोहनगिरी इलाके में एक 33 वर्षीय संदीप अहिरवार ने शुक्रवार शाम को घर में फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। संदीप मजदूरी का काम करता था। वह शादीशुदा था और उसके दो बच्चे हैं। वह अपने चार भाइयों में से एक था। आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है और हर पहलू की पड़ताल की जा रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। संदीप का शव उसने घर की छत पर जाने वाली सीढ़ी की डाबलिया पर लटका मिला है। पुलिस टीम ने ही उसे उतारकर जिला चिकित्सालय पहुंचाया। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया।

### जैव विविधता क्विज प्रतियोगिता 25 को

**विदिशा।** डीएफओ हेमंत यादव के निर्देशन में जिलास्तरीय जैव विविधता ऑफलाइन क्विज प्रतियोगिता 25 नवंबर को सुबह 10 से गर्ल्स स्कूल में होगी। प्रतियोगिता में जिले की विभिन्न तहसीलों से चयनित 100 टीमों के विद्यार्थी भाग लेंगे। पंजीयन अंतिम तिथि 24 नवंबर शाम 5 बजे तक है। चयनित टीमें राज्य स्तरीय ऑनलाइन क्विज में 12 दिसंबर को भाग लेंगी। जिला एवं राज्य स्तर पर नगद पुरस्कार और ट्रॉफियां प्रदान की जाएंगी।

## सुरक्षा जवान व सुपरवाइजर पदों पर भर्ती में 31 चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ग्यारसपुर



ग्यारसपुर में शिक्षित बेरोजगार अभ्यर्थियों के लिए भर्ती का आयोजन किया गया। जिसमें 52 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 31 बेरोजगार युवाओं का चयन सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर के पदों पर किया गया।

भर्ती अधिकारी वरिष्ठ भर्ती अधिकारी बृजमोहन कर्णावत (बेसरा) ने बताया कि ग्रामीण और शहरी शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सिक्योरिटी स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा यह भर्ती आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि चयन के लिए निर्धारित योग्यता सुरक्षा गार्ड के लिए 10वीं पास, आयु सीमा 19 से 40 वर्ष, लंबाई 167.5 सेमी और शारीरिक रूप से फिट होना आवश्यक है। वहीं सुरक्षा सुपरवाइजर के लिए शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास, आयु सीमा 21 से 37 वर्ष लंबाई 170 सेमी तथा शारीरिक रूप से फिट होना जरुरी है। कर्णावत ने बताया कि चयनित युवाओं को सिविल डिफेंस प्रशिक्षण प्रदान किया जाएग। जिससे उन्हें बेहतर रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
भाग्यशाली विजेताओं के नाम

प्रथम पुरस्कार - (1 तोला, 5 नग) सोने का हार
01. सुशीला पति स्व. श्री दीनबंधू, पता- बैगाटोला ईटार, खैरागढ़ (छ.ग.),
02. बिमला बाई साहू, पति श्री राम आसरा साहू, पता – आबादी पारा खपरी, धमतरी (छ.ग.),
03. हेमकांति गौतम पिता – स्व. श्री त्रिलोचन विश्वकर्मा, पता – रायपुर (छ.ग.)
04. साक्षी निषाद पिता – श्री प्रकाश निषाद, पता – शंकर नगर हाउस न. 455 धांगरडीपा रायगढ़ (छ.ग.)
05. प्रीती पति श्री रामचरण, पता – ग्राम किरना पोस्ट पंडरभाटा मुंगेली (छ.ग.),

द्वितीय पुरस्कार - (1 स्कूटी, EV)
उमा साहू पिता श्री जगन्नाथ साहू
पता – हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, जगदलपुर बस्तर (छ.ग.),

तृतीय पुरस्कार - (2 नग, रेफ्रीजरेटर)
01. प्रीतम कुमार साहू पिता स्व. श्री कुम्भकरण साहू
पता – मोहदी धरसीवां रायपुर (छ.ग.)
02. निधि अग्रवाल पिता – श्री रतन अग्रवाल
पता लाल कुंआ हनुमान ताल जबलपुर (म.प्र.)

चतुर्थ पुरस्कार - (3 नग, LED TV)
01. कौशल दास मानिकपुरी पिता – हीरा दास मानिकपुरी, पता - शंकर नगर दुर्ग (छ.ग.)
02. चित्रलेखा महंत पति शंकर दास महंत, पता – नीचे मोहल्ला बेलाकछार बालको नगर कोरबा (छ.ग.)
03. सुखदेव पाटिल पिता स्व. श्री नत्थू पाटिल, पता न्यू बाग़ मुगलिया भोपाल (म.प्र.)

नियम शर्तें लागू*
1. भाग्यशाली पाठक कों अपना पहचान पत्र के साथ अखबार का वर्तमान मासिक बिल एवं जमा किये गए फार्मेट का ग्राहक प्रति लाना अनिवार्य हैं। 2. राज्य एवं केन्द्र सरकार की सभी नियम लागू होगा। 3. इस योजना के विजेताओं को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगा। 4. हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। 5. किसी भी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। 6. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2451
उच्चतम भाव-5171
सरसों
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-8550
चना
न्यूनतम भाव-3850
उच्चतम भाव- 5265
मसूर
न्यूनतम भाव-4500
उच्चतम भाव-8100
उड़द
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-5250
मक्का
न्यूनतम भाव-900
उच्चतम भाव- 1572
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-3060
धान
न्यूनतम भाव-930
उच्चतम भाव-3415
गेंहू
न्यूनतम भाव-2300
उच्चतम भाव-3150
मटर
न्यूनतम भाव- 6999
उच्चतम भाव- 6999
बटरी
न्यूनतम भाव-3300
उच्चतम भाव- 3300
ज्वार
न्यूनतम भाव-4400
उच्चतम भाव-4830

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में शुक्रवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 34721 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### मांगों को लेकर पेंशनर सौंपेगे ज्ञापन

**गंजबासौदा।** ऑल प्रगतिशील पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन के प्रान्ताध्यक्ष सुधीर दुबे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि रविवार को डॉ. मोहन यादव मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश एवं केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नगर आगमन पर पेंशनरों द्वारा सिद्धेश्वर महादेव मंदिर के पास भव्य स्वागत किया जाऐगा एवं पेंशनरों की मांगों का ज्ञापन सौंपा जावेगा। पेंशनर प्रतिनिधि द्वारका चौरसिया राजकुमार पाराशर, विद्याशरण शर्मा, रविशंकर लोहिया, अब्दुल वहाव सिधीकी, कैलाश नामदेव, जयराम अहिरवार ने सभी पेंशनरों से रविवार को सुबह 11 बजे सिद्धेश्वर मंदिर कालाबाग बरेठ रोड़ पर उपस्थित होने की अपील की है।

### लंबे समय से बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट

**गंज बासौदा।** नगर के पचमा बायपास मार्ग पर हैंडपंप के सामने लगी स्ट्रीट लाइट कई माह से बंद पड़ी है। जिससे लोगों को अंधेरे के कारण परेशानी हो रही है। स्थानीय रहवासियों ने बताया कि स्ट्रीट लाइट कई माह से बंद है, जिससे रात के समय अंधेरा पसरा रहता है। स्ट्रीट लाइट बंद होने की शिकायत वार्डवासी कई बार विद्युत ठेकेदार से कर चुके हैं, लेकिन अभी लाइट चालू नहीं की गई है। जिससे वार्डवासी परेशान हैं।

### ओंकारेश्वर से प्रारंभ हुई 3600 किलोमीटर की परिक्रमा संपन्न

# जलाभिषेक व भंडारे के साथ नर्मदा परिक्रमा का हुआ भव्य समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





यात्रा कोई भी हो थकान के साथ ही लौटती है, लेकिन यहां कदमों में थकान तो दूर तक नहीं दिखाई दी, पर मुस्कान से आनंदित हर चेहरा यात्रा की सफलता का संदेश दे रहा था। माँ नर्मदा के आंचल और भक्ति के अथाह समुद्र में डुबकी लगाकर परिक्रमा वासी 3600 किमी की तपोमय यात्रा पूरी कर गुरुवार देर शाम जब नगर में लौटे, उनके हृदय में परिक्रमा की असीम ऊर्जा, श्रद्धा, भक्ति और संतोष की अद्भुत चमक थी, दिव्यता से आलोकित आँखें श्रद्धा की पवित्रता से आलोकित थी।

बस से उतरते ही परिक्रमा वासियों का स्वागत नर्मदे हर नर्मदे हर के जयघोष से गूँज उठा। जिसे देखकर ऐसा लगा मानो स्वयं नर्मदा माँ की कृपा उनके साथ लौट आई हो। परिवारजन, रिश्तेदार और शुभचिंतकों ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। महिलाओं ने आरती उतारी, बच्चों ने फूल बरसाए और ढोल-ढमाकों की गूंज ने स्वागत को और भव्य बना दिया। परिक्रमा वासियों को देखते ही कई परिवारजन भावुक हो उठे और मिलन के इन क्षणों में किसी ने गले लगाया तो किसी की आँखें नम हुईं। मालूम हो कि नगर के भक्ति दर्शन फाउंडेशन परिवार द्वारा आयोजित पंद्रह दिवसीय भव्य नर्मदा परिक्रमा अमावस्या को ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग पर परिक्रमा-जलाभिषेक के साथ पूर्ण हुई। परिक्रमा पर गए नगर के श्रद्धालुओं ने यात्रा के दौरान मां नर्मदा तीर्थ महिमा श्रद्धालुओं को सुनाई गई। नर्मदा पुराण कथा की भी परिक्रमा के साथ पूर्णाहुति हुई। परिक्रमा वासियों ने यात्रा के दौरान प्रतिदिन मां नर्मदा के पावन तट पर विशेष पूजा-अर्चना कर, भगवान महादेव का नित्य रुद्राभिषेक किया। परिक्रमा के समापन पर ओंकारेश्वर में विशाल भंडारे में साधु-संतों व श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। यह परिक्रमा 5 नवंबर, कार्तिक पूर्णिमा को ओंकारेश्वर में नर्मदा जल भरने से प्रारंभ हुई थी और 20 नवंबर अमावस्या को ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग पर जलाभिषेक के साथ सम्पन्न हुई।

मां नर्मदा की परिक्रमा के दौरान इस आध्यात्मिक दिव्य यात्रा में रोज़ सुबह घाटों पर नर्मदा स्नान, नर्मदेश्वर भगवान का अभिषेक, दोपहर में पवित्र परिक्रमा और शाम को नर्मदा पुराण की कथा का श्रवण होता था। कथा वाचन और यात्रा के संयोजक मानस रत्न पंडित भगवान प्रसाद शास्त्री द्वारा किया गया, जिसने यात्रियों के मन में नर्मदा महिमा का गहन आध्यात्मिक स्पर्श भर दिया। परिक्रमा मार्ग में अमरकंटक, बरमान घाट, सियाराम बाबा आश्रम धूनी वाले दादा का आश्रम, माता रैपुरा, होशंगाबाद, तिलकवाड़ा, चनोड, गरुडेश्वर, कर्वद, रीवा सागर संगम, गुजरात, महाराष्ट्र के तीर्थ स्थल, महेश्वर, मंडलेश्वर सहित अनेक तीर्थों पर परिक्रमा-वासियों ने दर्शन किए और उसके प्राचीन आध्यात्मिक इतिहास से रूबरू हुए। आध्यात्मिक आनंदमयी यात्रा के पलों को अपनी स्मृतियों में सजीव किए हुए परिक्रमावासियों ने यात्रा के संस्मरण सुनाते हुए बताया कि पूरी परिक्रमा के दौरान हर कदम पर नर्मदा का सान्निध्य ऐसा लगा मानो स्वयं माँ मार्गदर्शन कर रही हों। किसी भी परिक्रमासी को यात्रा में कहीं कोई असुविधा या कष्ट नहीं हुआ और यात्रा पूरी तरह सुखमय रही। जगह जगह नर्मदा मैया के प्रति अगाध श्रद्धा, अनुशासन और भक्ति का अद्भुत दर्शन हुआ। घाट–घाट पर नर्मदा के साथ, ध्यान, मंत्रोच्चार और सेवा की अनुभूति ने इस परिक्रमा केवल तीर्थयात्रा नहीं, तप, त्याग और अंतर्यात्रा का पावन समय बन गया। परिक्रमा के समापन में सभी ने नर्मदा मैया से नगर, क्षेत्र में सद्बुद्धि, शांति, मंगल और जीवन में सतत भक्ति की कामना की। इस अवसर पर श्रद्धालु मौजूद रहे।

## अनियंत्रित होकर कार डिवाइडर से टकराई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के मुख्य मार्गों पर तेज रफ्तार वाहनों का चलन तेजी से बढ़ गया है, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। गुरुवार को रात्रि के समय रेलवे स्टेशन मार्ग पर एक तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गई। यह टक्कर इतनी भीषण थी कि डिवाइडर पर लगी जाली पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि यह घटना रात के समय हुई, जब मार्ग पर लोगों की आवाजाही कम थी, यदि यह हादसा दिन के समय या भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में होता तो बड़ा नुकसान हो सकता था। यहां उल्लेखनीय है कि नगर में दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों को अनेक नाबालिग तेज गति में चौक चौराहों और गलियों में चलाते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसमें गलती नाबालिगों के परिजनों की भी है जो वाहन उनको दे रहे हैं। यातायात निरीक्षक निरपत सिंह लोधी ने दैनिक हरिभूमि से चर्चा करते हुए कहा कि तेज रफ्तार वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। विगत एक सप्ताह में चार बुलेट वाहन जो पटाखे फोड़ते हुए नगर की सड़कों पर घूम रहे थे, उन पर जुर्माने की कार्रवाई के साथ साइलेंसर जब्त किए गए हैं। आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। ज्ञात हो कि नगर के बरेठ रोड, स्टेशन रोड, एसजीएस कॉलेज ग्राउण्ड में सुबह से लेकर शाम तक युवा तेज गति में बुलेट वाहन चलाते हुए मुख्य द्वार से ग्राउंड में मंडराते रहते हैं और अपने बुलेट वाहन से पटाखे फोड़ते हुए निकलते हैं जिससे अध्यापन के दौरान विद्यार्थियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जागरुक नागरिकों ने यातायात पुलिस से लगातार मुहिम चलाए जाने की मांग की है।

## कुशाग्र राजपूत ने जीता गोल्ड मेडल




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

आचार्य विद्या वैली हायर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा 12 वीं के छात्र कुशाग्र राजपूत ने विगत दिनों दतिया में संपन्न हुई प्रदेश स्तरीय थांगता प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त कर नगर का तथा विद्यालय का नाम रोशन किया। इसी प्रकार विद्यालय के दूसरे छात्र मयंक गोंड ने भी इसी प्रतियोगिता में ब्राउंस मेडल प्राप्त कर नगर का नाम रोशन किया है। छात्रों की इस उपलब्धि संस्था डायरेक्टर प्रणय जैन, अशोक जैन, पंकज जैन, सत्येंद्र सिंह राजपूत, प्राचार्य वीरेंद्र सक्सेना ने बधाई देते हुए छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। अब आगे अखिल भारतीय स्तर पर संपन्न होने वाली थांगता प्रतियोगिता में कुशाग्र राजपूत मध्य प्रदेश की ओर से प्रतिनिधित्व करेगा।

## शासकीय उत्कृष्ट उमावि के छात्र छात्राओं ने निकाली जागरुकता रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शुक्रवार दोपहर के समय शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर से विद्यार्थियों ने एक जागरूकता रैली निकाली। यह रैली मतदाताओं को जागरूक करने और विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) अभियान के संबंध में जानकारी देने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। रैली नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए जय स्तंभ चौराहा से तहसील के लाल परेड ग्राउंड तक पहुंची और फिर वापस विद्यालय परिसर में समाप्त हुई। इसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल थे। जो मतदान करने के लिए जागरूकता संदेश के नारे लगा रहे थे और प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे SIR अभियान के बारे में भी बता रहे थे। यहां उल्लेखनीय है कि इन दिनों प्रशासन द्वारा मतदाता सूची को अपडेट करने के लिए SIR का कार्य तेजी से किया जा रहा है। जिससे मतदाता सूची को मजबूत और सटीक बनाया जा सके। SIR का अर्थ 'स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन' (विशेष गहन पुनरीक्षण) है। यह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाई जाने वाली एक विशेष प्रक्रिया है, जिसका मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक सटीक और अद्यतन करना है। इस प्रक्रिया में मृत, स्थान बदल चुके या फर्जी नामों को मतदाता सूची से हटाया जाता है। साथ ही, नए योग्य मतदाताओं के नाम जोड़े जाते हैं और डुप्लीकेट प्रविष्टियों को ठीक किया जाता है, जिससे सूची की विश्वसनीयता बढ़ती है। यहां उल्लेखनीय है कि विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 145 में सभी तहसीलों में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान जोरों से चल रहा है। जिसके चलते नगर सहित ग्रामीण अंचलों के बीएलओ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुबह से अपने अपने वार्डों में घर-घर पहुंचकर एसआईआर से संबंधित जानकारी एकत्रित कर रहे हैं। जिससे मतदाता सूची को अधिक सटीक बनाया जा सके।

## मुख्य मार्ग पर देर तक लगा रहा लंबा जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



शुक्रवार को दोपहर के समय जय स्तंभ चौक पर वाहनों के फंस जाने से लंबा जाम लग गया। जिससे वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। यहां उल्लेखनीय है कि इन दिनों शादियों का सीजन चल रहा है, जिसके चलते शुक्रवार को कई शादियों के लिए माता पूजन का आयोजन किया गया था। माता पूजन में अब यह चलन बढ़ गया है कि परिवारजन बड़ी संख्या में चार पहिया वाहन लेकर निकलते हैं। इसी क्रम में दोपहर के समय माता पूजन यात्रा बरेठ रोड से श्री शीतला शक्ति धाम मंदिर जा रही थी। इस यात्रा में एक दर्जन से अधिक चार पहिया वाहन शामिल थे, जो जय स्तंभ चौराहे से एक साथ निकले। इन वाहनों के एक साथ निकलने से अन्य वाहनों को निकलने के लिए जगह नहीं मिली, जिसके चलते मार्ग पर जाम की स्थिति बन गई। यातायात पुलिस ने जाम हटाने के लिए लगभग आधे घंटे तक मशक्कत तब कहीं आवागमन सुचारू रूप से व्यवस्थित किया जा सका।

## श्रीराम बारात के लिए पीले चावल देकर किया आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



श्रीराम रसधारा परिवार की ओर से धर्मनगरी गंजबासौदा में सद्गुरु कृपा से दूसरी बार चक्रवर्ती श्रीराम बारात का आयोजन किया जा रहा है। डॉक्टर अभिषेक कृष्ण शास्त्री एवं अंकुर माधव शास्त्री ने बताया कि विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी चक्रवर्ती श्रीराम बारात का आयोजन नगर में किया जा रहा है। कार्यक्रम श्री सिया जू परिणय श्री राम जू के तहत विवाह कार्यक्रम संपन्न हो रहे हैं। विगत दिवस मटियाना, लगुन और टीका व गोद भराई कार्यक्रम सम्पन्न हो चुकें हैं और 30 नवंबर रविवार को माता पूजन कार्यक्रम होगा और शाम 7 बजे गांधी चौक में नगर के सभी संगीतकार एवं सारेगामा के सुप्रसिद्ध गायक शरद शर्मा द्वारा भव्य भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 25 नवंबर मंगलवार को दोपहर 12 बजे हनुमान मंदिर रेलवे स्टेशन से चक्रवर्ती श्रीराम बारात गांधी चौक के लिए प्रस्थान करेगी। आयोजन समिति श्रीराम रसधारा परिवार ने सभी नगरवासियों को चक्रवर्ती श्रीराम बारात में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

## शिक्षा विभाग के आदेश से पालकों को गणवेश प्रोटोकाल से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

लोक शिक्षण विभाग के संचालक डीएस कुशवाह द्वारा समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों एवं जनजातिय कार्य विभाग के समस्त जिला सहायक आयुक्त, संयोजकों को आदेश जारी किए हैं। जिसमें कहा गया है कि सभी शासकीय, अशासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों के गणवेश प्रोटोकॉल के तहत यह देखने में आया है कि विद्यालयों में विद्यार्थियों द्वारा निर्धारित यूनीफार्म अथवा सर्दी के मौसम में अलग-अलग रंग अथवा डिजाईन के स्वेटर, गरम कपड़े पहनने के कारण विद्यार्थियों को कक्षा में आने से वंचित कर दिया जाता है। यदि विद्यार्थी सर्दी के मौसम में किसी दिन गणवेश से अलग रंग, डिजाईन के कपड़े, स्वेटर पहनकर विद्यालय में आते हैं तो उन्हें कक्षा में उपस्थित होने से न रोका जाए। आदेश में उल्लेख है कि यह भी देखने में आया है कि सर्दी के मौसम में विद्यार्थियों को उनके जूते चप्पल कक्षा के बाहर उतारने हेतु बाध्य किया जाता है, जिससे विद्यार्थी का स्वास्थ खराब होने की संभावना होती है। अतः विद्यार्थियों को कक्षा के बाहर जूते चप्पल उतारने हेतु बाध्य न किया जाए। उक्त निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाए। इस आदेश से पालकों को राहत मिली है।

### 19वीं जंबूरी में ले रहा है दल भाग

# डॉल्फिन का स्काउट दल लखनऊ रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



19वीं स्काउट गाइड जंबूरी का आयोजन लखनऊ उत्तर प्रदेश में 23 से 29 नवंबर तक किया जा रहा है। इस आयोजन में भाग लेने के लिए डॉल्फिन स्कूल के 6 स्काउट का दल स्काउट मास्टर संजीव जैन के नेतृत्व में शुक्रवार को लखनऊ के लिए रवाना हो गया।

इस आयोजन में 35000 से अधिक स्काउट गाइड के शामिल होने की संभावना है। इस स्काउट गाइड जंबूरी का शुभारंभ भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमल द्वारा 23 नवंबर को किया जाएगा, जिसमें सभी प्रदेशों के सांस्कृतिक, तकनीकी तथा हस्तशिल्प को प्रदर्शित करने के लिए 100 से भी अधिक स्टॉल सजेंगे। इस स्काउट जंबूरी में नेपाल, श्रीलंका, अफगानिस्तान तथा भूटान सहित एशिया प्रशांत क्षेत्र के कई देशों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। इस आयोजन में विदिशा जिले का 36 सदस्य का स्काउट दल जिला शिक्षा अधिकारी एसपीएस जाटव के मार्गदर्शन तथा सचिव जिला संघ स्काउट हरिहर चतुर्वेदी व जिला संगठन आयुक्त अनीता पटले, हनीफ, फरहत खान, रेखा शर्मा के नेतृत्व में भोपाल से शाम 7 बजे प्रतापगढ़ एक्सप्रेस से लखनऊ के लिए रवाना हो गया। इस आयोजन के समापन अवसर पर देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू भी उपस्थित रहेगी। विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाऐं देकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

## रतनबाई स्कूल के विद्यार्थियों ने चलाया एसआईआर का जागरूकता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शुक्रवार को वार्ड नंबर 21 रजोदा रोड पर श्रीमती रतनबाई जैन विद्यालय की छात्र छात्राओं द्वारा घर घर जाकर एसआईआर के संदर्भ में जनजागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें लोगों को बताया गया कि स्वीप एक्टिविटी के अंतर्गत बीएलओ द्वारा जो फॉर्म दिये गए हैं उनको भरकर समय अवधि में जमा करें। इसी को लेकर वार्ड में डोर टू डोर जनसंपर्क किया गया। इस दौरान वार्ड 21 के पार्षद नारायण सोनी एवं बीएलो बलराम शर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुरेखा पंथी, प्राचार्य बृजेश रिछारिया, सुनील जैन, रवि सोलंकी अन्य शिक्षक भी उपस्थित थे। विद्यालय में भी प्रार्थना सभा में छात्र, छात्राओं को सूचना दी गई है कि वह अपने परिवार के सभी सदस्यों का एसआईआर फॉर्म शीघ्र जमा कराऐं। इस दौरान छात्रों ने लोगों से एसआईआर के संदर्भ में भी जानकारी ली।

## एसआईआर कार्य में शतकवीरों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



गंजबासौदा ग्यारसपुर विधानसभा क्षेत्र 145 में चल रहे एसआईआर सर्वे में बीएलओ को तेजी से और सही ढंग से कार्य करने को कहा जा रहा है। इस सर्वे में जहां अधिकांश बीएलओ आधे से अधिक सर्वे कर चुके हैं, जबकि कुछ का मतदाता सूची सर्वेक्षण अंतिम चरण में है। वहीं कई जगह एसआईआर के तहत मतदाता सूची सर्वेक्षण में आंगनबाडी कार्यकर्ता, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, कोटवारों की भी मदद ली जा रही है। ताकि शत प्रतिशत मतदाताओं की जानकारी जुटाकर फार्म भरवाए जा सकें। इस बीच कुछ बीएलओ ने बेहद गंभीरता और सतत कार्य करते हुए एसआईआर सर्वेक्षण में शत प्रतिशत मतदाताओं का सर्वे कर फार्म भर दिए हैं। ऐसे ही एक शतकवीर बीएलओ सुरेन्द्र राजपूत ने ग्राम सिरसावली की मतदाता सूची में दर्ज 310 मतदाताओं की पूरी जानकारी जुटाकर उनके फार्म की ऑनलाइन फीडिंग कर दी है। इस गांव की मतदाता सूची में 4 मृत मतदाताओं के नाम थे, जबकि 2 मतदाता गांव में नहीं पाए गए जबकि 1 मतदाता दूसरे स्थान पर शिफ्ट हो गया है। वहीं गांव में मिले 303 मतदाताओं की पूरी जानकारी और फार्म भरकर ऑनलाइन फीडिंग की जा चुकी है। उधर ग्यारसपुर क्षेत्र के ग्राम भैरोपुर में भी बीएलओ पवन कुमार यादव ने शत प्रतिशत कार्य किया है। गत दिवस एसडीएम संतोष बिटोलिया ने उत्कृष्ट और शत प्रतिशत कार्य करने वाले इन दोनों बीएलओ को उनके बूथ पर पहुंचकर सम्मानित किया और उनके कार्य की सराहना करते हुए अन्य बीएलओ से भी अपने अपने क्षेत्र में मतदाताओं की पूरी जानकारी लेकर फार्म भरवाकर शीघ्र शत प्रतिशत फार्म की फीडिंग कराने का आव्हान किया।

## 24 को लखनऊ में आयोजित जंबूरी का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे

# भारत स्काउट गाइड के संभागीय शिविर में एडवोकेट राजीव जैन सैनानी हुए सम्मानित





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज





भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश भोपाल संभाग के तत्वावधान में संभागीय जम्बूरी के पूर्व अभ्यास शिविर का आयोजन पश्चिम मध्य रेल्वे समाज कल्याण केन्द्र विघालय रेल्वे कॉलोनी रेल्वे स्टेषन के पास भोपाल मे आयोजित किया गया। उक्त षिविर में पॉच जिलों के 93 प्रतिभागी भाग ले रहे है इस कार्यक्रम के समापन पर भारत स्काउट गाइड के विदिषा जिले के उपाध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी का संभागीय स्काउट गाइड परिवार की और से उनका सम्मान किया गया।

उक्त षिविर में विदिषा जिला जिसमें सिरोंज तहसील के लगभग 40 स्काउट गाउड भाग ले रहे है। भारत स्काउट एवं गाइड के राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा लखनऊ में आयोजित 19वीं डाइमण्ड जुब्ली जम्बूरी का आयोजन 23 नवम्बर से 29 नवम्बर तक आयोजित हुआ। उक्त कार्यक्रम में 24 नवम्बर को भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगें एवं कायक्रम का समापन देष की महामहीम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू करेंगी। विदिषा जिले के नेतृत्व भारत स्काउट गाइड के जिला संगठक श्री हरिहर चतुर्वेदी एवं जिला संगठक गाइड श्रीमति अनिता सोनवाले कर रहे है इसमें सिरोंज की गाइड षिक्षिका श्रीमति फरहत उन-निसा करेंगी। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार एडवोकेट राजीव जैन सैनानी ने कहॉ कि आज का दिन बडा.गौरवषाली दिन है कि भारत स्काउट एवं गाइड द्वारा मेरा सम्मान किया जा रहा है इस मौके पर उन्होनें अपने विघार्थी जीवन की स्काउट गाइड की जम्बूरी बौद्ध ग्या बिहार में आयोजित संस्मरणों को सुनाया उन्होनें कहॉ कि स्काउट संस्था एक ऐसी संस्था है कि जिसमें छात्र-छात्राओं के जीवन ही बदल देती है और इस संस्था से छात्रों का भविष्य भी तय होता है उन्होने कहा कि जब-जब भी मेरी आवष्यकता पड़े मैं सदेव समर्पित रहूँगा। इस मौके पर भारत स्काउट गाइड के जिला संगठक हरिहर चतुर्वेदी ने कहॉ भारत स्काउट एवं गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा लखनऊ में आयोजित 19 वीं डायमंड जुबली जम्बूरी का भोपाल संभाग का पूर्वाभास शिविर पश्चिम मध्य रेलवे कर्मचारी समाज कल्याण केन्द्र हायर सेकेण्डरी स्कूल भोपाल में संपन्न हुआ, शिविर के द्वितीय दिवस भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ विदिशा के उपाध्यक्ष एडवोकेट श्री राजीव जैन सेनानी सिरोंज अधिमान्य पत्रकार मध्य प्रदेश शासन जो कि आल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन आईजा के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं के सौजन्य से भोपाल संभाग के सभी प्रतिभागियों को स्काउट स्कार्फ एवं पी कैप प्रदान की गई। शिविर संचालक श्री राजेश मेवाड़े ए,एस,ओ,सी, भोपाल, सुशील बिल्लौरे रायसेन, श्री सुधीर सिंह विश्वकर्मा सीहोर, श्रीमती भगवती शर्मा भोपाल ने श्री राजीव जैन का अभिनंदन किया, विदिशा की जिला संगठक श्रीमती अनीता पटले ने राजीव जी का स्वागत करते हुए बताया कि श्री जैन की पारिवारिक पृष्ठभूमि जनसेवा एवं जनसहयोग की रही है इनके पिता जी श्री निर्मल कुमार जी सैनानी भी विदिशा जिला संघ के आजीवन सदस्य रहे और इनकी माताजी भी धार्मिक कार्यों में जनसहयोग एवं दान पुण्य के कार्यों में सदैव बढ़चढ़ कर भाग लेतीं थीं भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ विदिशा आपके पुनीत कार्यों के लिए आपका हार्दिक अभिनन्दन करता है। कार्यक्रम को सुबह संचालक श्री राजेष मेवाड़े ने कहॉ कि शिविर में पांच जिलों के 93 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं आयोजन दिनांक 19 नवंबर से दिनांक 21 नवंबर तक संचालित होगा शिविर के प्रथम दिवस शिविर स्थल पर विधिवत्त ध्वजारोहणकर शिविर का शुभारंभ किया गया इस अवसर पर भारत स्काउट एवं गाइड राज्य मुख्यालय की राज्य प्रशिक्षण आयुक्त वयस्क संसाधन श्रीमती भगवती शर्मा विद्यालय की प्राचार्य श्री सुधांशु सराठे उपस्थित थे आयोजन के प्रथम दिवस में जंबूरी में होने वाली गतिविधियों यथा मार्च पास्ट कलर पार्टी प्रदर्शनी फूड प्लाजा जंबूरी शुभारंभ समारोह वंदे मातरम गाना आदि का अभ्यास कराया गया शाम को कैंपियर का आयोजन किया गया जिसमें सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का अभ्यास किया गया

शिविर के दूसरे दिवस प्रतिभागियों के द्वारा स्काउट गाइड स्किल जिसमें टेंट पिचिंग पायनियरिंग प्रोजेक्ट रंगोली फूड प्लाजा आदि की गतिविधियों का अभ्यास किया गया दोपहर में आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम मैं जंबूरी में जाने वाले स्काउट गाइड को भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ विदिशा के उपाध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन जी के द्वारा स्कार्फ एवं कैप प्रतिभागियों को भेंट की गई एवं भोपाल के फार्म डेवलपर व्यवसाय श्री रोहित जी के द्वारा इंसुलेटेड ग्लास बॉटल्स प्रतिभागियों को भेंट की गई भारत स्काउट एवं गाइड भोपाल संभाग के द्वारा शिविर में उन्हें आमंत्रित कर सम्मानित किया गया साथ ही श्री रोहित जी के जन्म दिवस के अवसर पर केक काटकर बच्चों ने सेलिब्रेशन भी किया शाम को ग्रैंड कैंप फायर मैं लोक नृत्य एवं लोक गीत का अभ्यास किया गया।

## राज्यसभा सांसद जैन ने पीएम को भेजा पत्र

# आचार्य विद्यासागर महाराज को मरणोपरांत भारत रत्न सम्मान प्रदान करने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



राष्ट्र संत आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के अविस्मरणीय आध्यात्मिक जीवन, तप, त्याग और राष्ट्र-निर्माण में उनके असाधारण योगदान को सम्मान देते हुए उत्तर प्रदेश राज्यसभा सांसद नवीन जैन ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक भावपूर्ण एवं विस्तृत पत्र भेजकर आचार्यश्री को मरणोपरांत भारत रत्न प्रदान किए जाने की मांग उठाई है। सांसद जैन द्वारा लिखे गए पत्र में आचार्य विद्यासागर जी महाराज के व्यक्तित्व, कृतित्व और समाज सेवा को विस्तार से रेखांकित किया गया है। सांसद जैन ने लिखा कि आचार्यश्री ने 22 वर्ष की अल्पायु में दिगंबर दीक्षा ग्रहण कर स्वयं को पूरी तरह राष्ट्र, धर्म और मानव कल्याण के कार्यों में समर्पित कर दिया। कठोर तप, त्याग, संयम, अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह और ब्रह्मचर्य जैसे सिद्धांतों का पालन करते हुए उन्होंने करोड़ों लोगों के जीवन को प्रभावित किया।

### ‌ह्लसमाज ने उन्हें सदैव वंदनीय मानाह्व कृ सांसद जैन

सांसद नवीन जैन ने कहा कि आचार्य विद्यासागर जी न केवल जैन समाज, बल्कि सम्पूर्ण भारतीय समाज के लिए आदर्श और प्रेरणास्त्रोत रहे हैं। आजीवन उन्होंने कठिन तप, वर्षों की पैदल यात्राएँ, अद्वितीय अनुशासन और भौतिक संसाधनों से दूरी बनाकर साधना की। इन सभी कारणों से वे समस्त समाज द्वारा वंदनीय माने गए।

### 50 से अधिक ग्रंथों की रचना, शिक्षादृसेवादृचरित्र निर्माण में अद्भुत योगदान

अपने पत्र में सांसद जैन ने उल्लेख किया कि आचार्यश्री ने संस्कृत, प्राकृत, हिंदी, मराठी व कन्नड़ सहित विविध भाषाओं में 50 से अधिक ग्रंथों की रचना की। उनकी ह्यमूकमाटीह्न जैसी प्रसिद्ध कृति सहित अनेक अन्य रचनाएँ अध्यात्म और मानवीय मूल्यों की अनमोल धरोहर हैं। वे शिक्षा, स्वास्थ्य, नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण तथा चरित्र निर्माण जैसे क्षेत्रों में समाज का निरंतर मार्गदर्शन करते रहे। उनकी प्रेरणा से देशभर में सैकड़ों विद्यालय, महाविद्यालय, छात्रावास, चिकित्सालय एवं अन्य सेवा संस्थान स्थापित हुए। इसी के साथ उनके साहित्य और जीवन पर 100 से अधिक पीएचडी शोध कार्य पूरे हो चुके हैं, जो उनके प्रभाव और अध्यात्मिक विरासत को प्रमाणित करते हैं।

### *अंतिम समय में भी तप और उपवास जारी रखा*

*सांसद जैन ने अपने पत्र में लिखा कि 18 फरवरी 2024 को आचार्यश्री ने तीन दिनों के दीर्घ उपवास और पूर्ण मौन के उपरांत शांत चित्त से देह त्याग किया, जो उनकी अपरिमित तपशक्ति और अध्यात्म की सर्वोच्च स्थिति का परिचायक है।*

### *भारत रत्न ही उनकी सेवाओं का सर्वोच्च सम्मानः सांसद*

*सांसद जैन ने प्रधानमंत्री मोदी से आग्रह किया कि आचार्य विद्यासागर जी महाराज जैसी अद्वितीय विभूति को राष्ट्र का सर्वोच्च नागरिक सम्मान कृ भारत रत्न कृ प्रदान किया जाना चाहिए। उनका मानना है कि इससे न केवल देश बल्कि संपूर्ण विश्व में भारतीय आध्यात्मिक परंपरा और तप संस्कृति को गौरव प्राप्त होगा।*

### *500 से अधिक मुनियों व 1000 से अधिक आर्यिकाओं को दीक्षा आध्यात्मिक महायज्ञ*

*आचार्य श्री ने अपने अतुलनीय तप, अनुशासन और त्याग की परम्परा को आगे बढ़ाते हुए 500 से अधिक मुनियों तथा 1000 से अधिक आर्यिकाओं को दीक्षा प्रदान कर आध्यात्मिक चेतना का नया आयाम स्थापित किया। यह दिव्य आयोजन पूरे जैन समाज के लिए गर्व का क्षण बना।*

### *प्रधानमंत्री द्वारा की गई प्रशंसा का उल्लेख*

*वर्ष 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं आचार्यश्री के चरणों में नमन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया था। देह त्याग के अवसर पर अपने संदेश में प्रधानमंत्री ने राष्ट्र की अपूर्णीय क्षति का उल्लेख करते हुए कहा था कि आचार्यश्री का तप, त्याग और सेवा-कार्य विश्वभर में भारतीय अध्यात्म का ध्वज ऊँचा करते हैं। यह तथ्य यह भी दर्शाता है कि राष्ट्रसंतों और आध्यात्मिक परंपराओं के प्रति प्रधानमंत्री की श्रद्धा कितनी गहरी है।*

# खरगोन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से जुड़े ग्रामीण क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल

## अस्पताल में नहीं डॉक्टर व फार्मासिस्ट, दाई के भरोसे चिकित्सा सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली




फोरलेन 45 पर तहसील के सबसे बड़े ग्राम एवं व्यापारिक केंद्र खरगोन का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर ना होने से फार्मासिस्ट और दाई के भरोसे स्वास्थ्य सेवाएं बनी हुई है। वर्षों तक बिना डॉक्टर के स्वास्थ्य केंद्र चलता रहा एक डॉक्टर आए और उनका तबादला हो जाने से 8-10 महीने से पुनः खरगोन का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिना डॉक्टर स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित किया जा रहा है।

जिस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से खरगोन के साथ आसपास के15 - 20 ग्राम जुड़े हो डॉक्टर ना होने से फार्मासिस्ट डॉक्टरी कर रहे हैं।प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की मात्र औपचारिकता बनी हुई है। अस्पताल जाने के स्थान पर बीमार परिजन बरेली के सरकारी या प्राइवेट अस्पताल में उपचार कराने मजबूर बने हुए हैं। खरगोन एवं आसपास की ग्रामों की 50 हजार से अधिक आबादी गरीब ग्रामीण स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं व उपचार के लिए तरस रहे हैं।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की औपचारिकता

बिना डॉक्टर के संचालित हो रहे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ना डॉक्टर है और ना ही महिला चिकित्सक है। फिर भी डिलीवरी होती है दाई सिस्टर को डिलीवरी करने में हमेशा जान जाने का जोखिम बना रहता है। अस्पताल में गंदगी सीलन छत से पानी टपकना फर्नीचर इत्यादि की समस्याएं बनी हुई है।अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं स्वास्थ्य योजनाओं पर प्रतिवर्ष लाखों रुपए खर्च तो हो रहे हैं, परंतु बीमारी के उपचार के लिए अन्य स्थानों पर जाना पड़ रहा है।

## यूएनसीआरसी एवं बाल हितैषी पंचायत निर्माण करने के लिए कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**दीवानगंज।** गांव के एकीकृत शासकीय कन्या माध्यमिक शाला एवं शासकीय माध्यमिक शाला खोहा में यूएनसीआरसी (संयुक्त राष्ट्र बाल अधिकार समझौता) एवं बाल हितेषी पंचायत निर्माण करने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में सरपंच गिरजेश नायक, सामाजिक कार्यकर्ता दीक्षित, जनपद अध्यक्ष अर्चना, शिक्षकगण एवं जनप्रतिनिधि वेल्सपेन कंपनी के हरेंद्र सिकरवार एवं निवसीड संस्था के सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों द्वारा प्रस्तुत स्वागतम गीत से गई इसके बाद, बच्चों को यूएनसीआरसी और बाल अधिकार समझौता क्या है, उसके बारे में विस्तार से चर्चा की। इस वर्ष को इतने उत्साह से क्यों मनाया जाता है उसको साझा किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों ने बच्चों को बाल अधिकारों के महत्व व आवश्यकता के बारे में जानकारी दी।

# राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रदेश का नाम रोशन करने वालों का हुआ उत्साहपूर्ण स्वागत

## वन परिक्षेत्र अधिकारी महेद पारेचा और जुबेर खान को फूल मालाओं से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ सिलवानी



उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में आयोजित अखिल भारतीय वन खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर लौटी मध्य प्रदेश टीम के कप्तान जुबेर खान और 5000 मीटर दौड़ में कांस्य पदक प्राप्त कर सिलवानी का गौरव बढ़ाने वाले वन परिक्षेत्र अधिकारी महेंद कुमार पारेचा का नगर आगमन पर वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा गरिमामय स्वागत किया। स्वागत समारोह वन विभाग कार्यालय परिसर में उत्साह पूर्ण माहौल में आयोजित किया।

हाल ही में देहरादून में आयोजित इस राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में देशभर के वन विभाग के अधिकारियां व कर्मचारियों द्वारा विभिन्न खेलो में सहभागिता की गई। प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश टीम ने मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। टीम की कप्तानी सिलवानी कार्यालय में पदस्थ जुबेर खान द्वारा की गई, जिन्होंने टीम का नेतृत्व करते हुए संतुलित रणनीति एवं अनुशासन का परिचय दिया।

प्रतियोगिता में सिलवानी रेंज में पदस्थ वन परिक्षेत्र अधिकारी महेंद कुमार पारेचा ने 5000 मीटर दौड़ में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। प्रतियोगिता से लौटने पर दोनों खिलाड़ियों का सिलवानी पहुंचते ही कर्मचारियों द्वारा उत्साह पूर्वक स्वागत किया। विभागीय कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कर्मचारियों ने दोनों अधिकारियों को फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया।

स्वागत समारोह में तालियों और बधाइयों की गूंज लगातार सुनाई देती रही। विभागीय साथियों ने कहा कि ऐसे खिलाड़ी न सिर्फ विभाग बल्कि प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं।

### अधिकारियों को दी गई शुभकामनाएं

समारोह के दौरान विभागीय कर्मचारियों ने दोनों सम्मानित अधिकारियों को भविष्य में और भी बड़े मंचों पर सफलता प्राप्त करने की शुभकामनाएँ दीं। इस मौके पर यह भी कहा गया कि खिलाड़ियों को विभाग की ओर से हर संभव सहयोग और प्रोत्साहन मिलता रहेगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से गोवर्धन जाटव, गोवर्धन शर्मा, अखिलेश रजक, मनीष छारी, लालसिंह धुर्वे, श्याम रघुवंशी, रमाकांत रघुवंशी, मनोज साहू, आकाश तिवारी, नरेंद्र त्रिपाठी, भूपेन्द्र लोधी, अमित धुर्व, पुरुषोत्तम रजक, विनय दीक्षित, दीनानाथ श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

## अवैध कॉलोनी में रहवासियों को मूलभूत सुविधाओं का बना अभाव

# नगर के बायपास किनारे अवैध कॉलोनी का निर्माण

**कृषि भूमियों को छोटे-छोटे भू-खंडों में बेचा जा रहा**

**शादी गार्डन में नहीं पार्किंग बनती है जाम की स्थिति**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली



नगर का तेजी से विकास हो रहा है नगर की सीमा से लगी कृषि भूमियों पर ज्वाइंट वेंचर कॉलोनी का निर्माण और प्लाट बेचे जा रहे हैं। वहीं कृषि भूमियों को छोटे-छोटे भूखंडों में बेचकर अवैध कॉलोनी का तेजी से निर्माण हो रहा है। फोरलेन 45 के दोनों किनारो पर बिना विकसित अवैध कॉलोनी में प्लाट खरीदने वालों द्वारा मकान का निर्माण और निवास भी किया जा रहा है।

पूर्व से ही नगर में एक दर्जन से अधिक अवैध कालोनियां हैं। जिनमें सडक़ों नालियों साफ-सफाई पानी इत्यादि की मूलभूत सुविधाएं नहीं है।नगर से लगे ग्राम कामतोंन, धोखेड़ा पिपरिया मार्ग पर ग्राम नयागांव कलां तक खेतों में बनी अवैध कॉलोनी में जल भराव पानी की निकासी व्यवस्था न होने से हजारों परिवार मूलभूत सुविधा के लिए हैरान परेशान बने रहते हैं। जब से नगर के फोर लेन 45 बाईपास का निर्माण हुआ है। फोरलेन की कृषि भूमियों के दाम करोड़ों में और प्लांट 2 से 3000 स्क्वायर फीट तक हो गए हैं।

### ज्वाइंट वेंचर में कॉलोनियां

नगर से लगी कृषि भूमियों को कॉलोनी के लिए ज्वाइंट वेंचर के द्वारा निर्माण करने की होड़ सी लग गई है। 60-40 के रेशों से पूंजीपतियों बड़े कॉलोनाइजरों की नजरें लगी हुई है। कॉलोनी पूर्ण रूप से विकसित किए जाने से पूर्व ही अपने सुविधापूर्ण घर का सपना दिखाकर एडवांस राशि प्राप्त कर प्लाटों की बुकिंग की जा रही है। अभी तक पूर्व से बनी एक दर्जन से अधिक अवैध कॉलोनी का विकास नहीं हुआ और नई-नई कॉलोनी बनने लगी हैं। ग्रामीण अपने बच्चों की पढ़ाई और नगर में अपना निवास हो इस सपने को लेकर इन अवैध कॉलोनी में प्लांट की खरीद ही नहीं मकान भी बनाकर निवास करने लगे हैं।

### बाहरी हिस्सों में मैरिज गार्डन

नगर सीमा के भीतर और बाहर कामतोन, धोखेड़ा, पिपरिया रोड पर दर्जनों मैरिज गार्डन संचालित हो रहे हैं। विवाहों के सीजन में बारातों के कारण प्रमुख मार्गों पर जाम लगने की परेशानियां बनी रहती हैं। वहीं सडक़ों के किनारे जूठन गंदगी से बदबू फैलने के कारण लोग परेशान बने रहते हैं। अधिकांश मैरिज गार्डन में वाहन पार्किंग की व्यवस्था न होने से सडक़ों पर ही वाहन खड़े रहने से घंटे जाम की स्थिति बनती है।

# नगर पंचायत में विभिन्न बेहतर सेवाओं के लिए मिला आईएसओ प्रमाण पत्र

## नगर पंचायत अध्यक्ष एवं सीएमओ ने प्रमाण पत्र प्राप्त किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

नगर पंचायत की बेहतर सेवाओं के लिए आईएसओ प्रमाण पत्र मिलने से नगर पंचायत के अधिकारियों कर्मचारियों पार्षदों में हर्ष बना हुआ है। आईएसओ प्रमाण पत्र अंतरराष्ट्रीय मानकीकरण संस्था के प्रतिनिधि ने अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी सीएमओ हरिशंकर वर्मा को प्रदान किया। नगर पंचायत द्वारा क्षेत्र के नागरिकों की शिकायतों का समय पर निराकरण समग्र आईडी, खाद्यान्न पर्ची, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, एकीकृत विकास और स्वच्छता के बेहतर संयोजन तथा विकास कार्यों का ऑडिट अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संस्था द्वारा किया। नगर पंचायत को एसओ 9001-2025 प्रमाण पत्र प्रदान किया जिसे नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत चौधरी एवं सीएमओ वर्मा ने प्राप्त किया। आईएसओ प्रमाण पत्र मिलने से नप के पार्षदों अधिकारियों कर्मचारियों में हर्ष का माहौल बना हुआ है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, मोहिनी अहिरवार पत्नी श्री विमल कुमार मेहरा, आयु 31 वर्ष, निवासी एम.आई.जी. 66 डॉ हेडगेवार कॉलोनी सांची, रायसेन म.प्र.। मेरे सभी शैक्षणिक अभिलेख, पहचान पत्र तथा अन्य दस्तावेज मे मेरा नाम मोहिनी अहिरवार दर्ज है। मेरा विवाह दिनांक 09/06/2025 को श्री विमल कुमार मेहरा से विधि सम्मत रूप से हुआ है। विवाह के उपरांत मेरा नाम मोहिनी विमल (नया नाम) रखना चाहती हूँ। अतः भविष्य में सभी शासकीय/अशासकीय दस्तावेजो मे मेरा नाम मोहिनी विमल के नाम से जाना व पहचाना जावे।

खबर संक्षेप

## अभाविप इकाई बाड़ी द्वारा मनाया गया स्त्री दिवस



**बाड़ी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई बाड़ी द्वारा शुक्रवार को रानीलक्ष्मी बाई की 197वी जयंती को स्त्री दिवस के रूप में मनाया गया। विद्यार्थी परिषद इकाई बाड़ी द्वारा नगर में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा कन्या शाला से प्रारंभ हुई जो नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई शासकीय माध्यमिक कन्या शाला में सम्पन्न हुई। जगह जगह तिलक एवं आरती उतार कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। इसके बाद अचीवर्स कॉलेज बाड़ी में सेल्फ डिफेंस को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें मध्यभारत प्रांत छात्रा कार्य प्रमुख कु. बबली शर्मा ने कहा कि बहनों को आज की संस्कृति से जोड़ते हुए भारतीय वीरांगनाओं का इतिहास बताते हुए कहा हमें अपनी भारतीय संस्कृति को समझने की आज आवश्यकता है हमें अपनी प्रत्येक भारतीय वीरांगनाओं के जीवन से त्याग समर्पण संघर्ष शौर्य साहस निर्भयता के गुण सीखना चाहिए विकसित भारत में बहनों की अग्रणी भूमिका हो साथ में जिहादी मानसिकता के लोगों से दूरी बनाते हुए स्वयं को आत्मनिर्भर बनाना है। आयोजन में राजेश कुमार ठाकुर भी उपस्थित रहें, जिन्होंने छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया।

### लापरवाही : पुलिस ने कार्रवाई में निभाई सिर्फ औपचारिकता

# पुलिस मुख्यालय के निर्देश हवा में, नहीं किराएदार का पता, मालिक भी 'लापता'

**लॉज, होटल, धर्मशालाओं एवं किराए के मकानों में रहने वाले लोगों सहित फेरी लगाकर कारोबार करने वालों का पुलिस के पास नहीं रिकॉर्ड**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

पुलिस मुख्यालय भोपाल के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश के बाद भी होटल, लॉजों एवं धर्मशालाओं में ठहरने वाले लोगों की सूची पुलिस संकलित नहीं कर पा रही है। पीएचक्यू भोपाल के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अपने अधीनस्थ अधिकरियों को यह आदेश दिए थे कि किराएदार और होटल, लॉजों अन्य जगहों पर रहने वाले लोगों की सूची आधार कार्ड परिचय पत्र एकत्रित करके कंप्यूटर में ऑनलाइन जानकारी फीड की जाए। लेकिन पुलिस की घोर लापरवाही और अनदेखी की वजह से यह कार्य समय पर पूर्ण नहीं हो सका। इससे पहले भी पीएचक्यू भोपाल से आदेश आए थे। थाना कोतवाली सहित जिले की अन्य थानों पुलिस चौकियों की किरायदारों की सूची जुटाने का कार्य समय पर पूरा नहीं कर सकी है।

जिले के सभी थाना, पुलिस चौकी प्रभारियों को जानकारी जुटाने के लिए निर्देशित किया था। लेकिन इस महत्वपूर्ण कार्य में सुस्ती बरती जा रही है। निर्देश दिए थे कि बाहर से आने वाले सभी यात्रियों किरायदार होटल, लाजों में रुकने वालों के दस्तावेज एकत्र करके जानकारी जुटाई जाए, ताकि किसी भी संदिग्ध कार्रवाई के लिए तत्काल जानकारी जुटाई जा सके।

लेकिन आलम यह है कि शहर में गंभीरता से अभी तक ना तो तस्दीक की जानकारी की कार्रवाई पूरी हो सकी है। और ना ही रिकॉर्ड की जानकारी का सिलसिला शुरू हो पाया है। सुरक्षा बढ़ाने की जानकारी के उद्देश्य से जारी निर्देशों का इस तरह गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। फिलहाल पुलिस महकमे के उच्च अफसरों के आदेश तो जारी है। लेकिन हकीकत में जमीनी स्तर पर कार्रवाई ना के बराबर है। जिसके चलते पुलिस की ढीली कार्रवाई की शहर में जगह जगह चर्चा चल रही है। बुद्ध वाली खुले सहित जिले के अन्य पुलिस थाना पुलिस चौकियों में भी यह जानकारी जुटाने में पूरी तरह से ढ़िलाई बरती जा रही है।

### चैकिंग कार्रवाई चली तो सिर्फ़ एक दो रोज

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशों के बाद भी महज एक-दो दिन ही चेकिंग अभियान चलाया। इसके बाद कार्रवाई पूरी तरह थम गई। चेकिंग भी सिर्फ शहर में सीमित रही और वह भी केवल नगर की कुछ होटल, लॉजों धर्मशालाओं व बस स्टैंड तक ही केंद्रित रही, जिससे बाकी क्षेत्रों में सुरक्षा के नाम पर हीलाहवाली होती रही।




### किराएदारों का सत्यापन भी नहीं हो रहा....

किरायेदारों का पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य है, जिसमें किरायेदार की पहचान, पता, मोबाइल नंबर और दस्तावेज दर्ज कर पुलिस जांच में करती है। शहर में किरायदारों का पुलिस वेरिफिकेशन नहीं हो रहा है। वहीं पुलिस भी इस मामले में नरम पड़ी हुई है।

पुलिस मुख्यालय की सख्ती और डीजीपी द्वारा जारी निर्देशों के बाद भी जिले में पुलिस की कार्यप्रणाली ढीली ही नजर आ रही है। दरअसल, दिल्ली में हुए आतंकी कार ब्लास्ट के बाद प्रदेशभर में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, होटल, लॉज, धर्मशालाओं की जांच और किरायेदारों की पूरी जानकारी जुटाने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद शहर समेत जिले में न तो किरायेदार पंजीयन की प्रक्रिया पुलिस ने तेज की है और ना किराएदार उनकी सूची पुलिस जानकारी जुटाने में उदासीनता बरत रही है।

### इन नियमों की अनदेखी

- होटल, लाजों में रुकने वालों की पहचान जरूरी, लेकिन नहीं हो रही।
- किरायेदारों का भी पुलिस वेरिफिकेशन नहीं हो रहा।
- धर्मशालाओं में ठहरने वालों की रिकॉर्ड में एंट्री जरूरी। पर नहीं हो रही।
- संदिग्ध प्रवासियों की सूचना पुलिस को देनी जरूरी, जो नहीं हो रही।
- एक-दो दिन चली औपचारिक चेकिंग।

**इनका कहना है**

इस आदेश का गहनता से जांच पड़ताल नहीं की जा रही है।पुलिस की हर गतिविधि पर नजर है। बस स्टैंड रेलवे स्टेशन समेत सार्वजनिक स्थानों की जांच भी जा रही है। निर्देशों का और सख्ती से पालन कराया जाएगा।

**कमलेश खरपुसे, एएसपी रायसेन**

# सोसाइटियों के खातों में 24 दिन बाद भी नहीं पहुंची कमीशन राशि

◆ जिला विपणन संघ विभाग में यह राशि सहकारी बैंक को की गई थी ट्रांसफर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सरकारी विभागों में कामकाज का रवैया इतना ढीला और लचर है कि ऑनलाइन राशि ट्रांसफर करने के बाद भी सहकारी बैंक की कृषक सेवा सहकारी समितियों के खातों में अभी तक नहीं पहुंची। जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के अधीन जिलेभर की 113 सोसाइटी के खातों में जिला विपणन विभाग संघ द्वारा कमीशन की राशि 9 करोड रुपए ट्रांसफर की थी। यह राशि सोसायटियों के प्रबंधकों ने गेहूं, चना मूंग, मसूर सरसों उपज समर्थन मूल्य पर खरीदी की थी। इसके बदले में उन्हें यह कमीशन राशि वितरित की गई है।

लापरवाही का आलम यह है कि पूरे 24 दिनों के बाद भी उनके खातों में राशि समायोजित नहीं हो पाई। कमीशन राशि को लेकर सभी समितियों के प्रबंधक भी काफी हैरान और परेशान हैं। समिति प्रबंधकों को हम्मालों को मजदूरी की लिमिट बंद कर देने से समस्या खड़ी हो गई थी।ऐसी स्थिति में समिति प्रबंधकों द्वारा सेठ साहूकारों से मोटे ब्याज पर कर्ज लेकर जैसे तैसे बकाया राशि दे दी है।

**इनका कहना है**

जल्द ही सोसायटियों के खातों में कमीशन राशि जमा हो जाएगी। सर्वर स्लो चलने से परेशानी आ रही थी।

**- राहुल कुमार,** कोआपरेटिव बैंक रायसेन।

### तीन वर्ष से अटकी थी कमीशन राशि

*सोसाइटियों के प्रबंधकों की कमीशन की यह राशि पिछले 3 सालों से अटकी हुई है। वर्ष 2022 से लेकर 2025 तक लगातार 3 सालों से गेहूं चना मूंग, सरसों आदि उपज की समर्थन मूल्य पर खरीदी थी। लेकिन उनकी राशि अभी तक उन्हें भुगतान नहीं की गई, जिससे उन्हें भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समर्थन मूल्य पर उपज खरीदी समितियों के प्रबंधकों द्वारा की गई थी। यह कमीशन राशि 30 अक्टूबर 2025 को जिला विपणन संघ के अफसरों द्वारा को ऑपरेटिव बैंक रायसेन को ऑनलाइन ट्रांसफर कर दी गई है। लंबे अरसे बाद भी समितियों के खातों में वह 9 करोड़ रुपये नहीं पहुंची है।*

### दो आरोपियों पर मामला किया दर्ज

# सरकारी भूमि पर कब्जे को लेकर चले डंडे, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

सरकारी जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया और बात मारपीट तक पहुंच गई। इस दौरान जमकर डंडे चले और दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने दो आरोपियों पर मामला दर्ज किया है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र के अनंतपुरा गांव में फरियादी लक्ष्मी बाई पत्नी कालूराम ठाकुर का शासकीय भूमि पर पिछले 10-12 से कब्ज़ा है। इसी जगह पर लक्ष्मीबाई कंडे थोप रही थी तभी उसकी सगी जेठानी फूल बाई आई और बोलने लगी कि यह जगह मेरी है। यहां पर कंडे मत थोपना। लक्ष्मीबाई बोली कि यह मेरे कब्जे में है। दोनों के बीच बहस इतनी बड़ी की बात मारपीट तक पहुंच गई और फूल बाई ने डंडे से लक्ष्मीबाई की जमकर पिटाई कर दी। इस दौरान नेतराम बीच बचाव करने आया तो उसको भी चोट आ गईं।



दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार सांची सिविल अस्पताल में कराने के बाद पुलिस ने लक्ष्मीबाई की रिपोर्ट पर आरोपी फूल बाई के विरुद्ध धारा 296(बी), 115(2),351(3),3/5 बीएनएस का मामला पंजीबद्ध कर विवेचना ले लिया है।

**इनका कहना है**

अनंतपुरा गांव में शासकीय भूमि पर कब्जे को लेकर 2 रिश्तेदारों के बीच आपसी विवाद हो गया। जिसमें 2 लोगों को चोटें आई हैं। मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

**- दिनेश सिंह रघुवंशी,** थाना प्रभारी।

## अवैध शराब को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज, रायसेन।** सांचेत, देवनगर, गढ़ी सहित आसपास के गांवों में शराब ठेकेदारों द्वारा कमीशन एजेंट बनाकर अवैध शराब की पेटियां गांव कस्बों में भेजकर शराब के शौकीनों को शराब परोसी जा रही है। देवनगर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामबाबू कल्याण सिंह लोधी के नेतृत्व में कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। इस अवैध शराब बिक्री कराने में आबकारी विभाग और पुलिस की भूमिका पूरे मामले में संदिग्ध बनीं हुईं है। कांग्रेसियों द्वारा प्रशासन को चेतावानी देते हुए कहा कि एक हफ्ते में अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाएं, नहीं तो आंदोलन किया जाएगा।

# घाटी पर अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराया ट्रक, टला हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज।

भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे है। 40 किलोमीटर मार्ग पर प्रतिदिन 4 से 5 हादसे होना आम बात हो गई है। वहीं शुक्रवार को बालमपुर घाटी पर फिर एक हादसा होने से टल गया।

भोपाल से विदिशा की तरफ जा रहा एक ट्रक बालमपुर घाटी के ऊपर अंधे मोड़ पर अनियंत्रित होते हुए पेड़ से टकरा गया। गनीमत रही कि पेड़ से टकराकर ट्रक खाई में जाने से बच गया। अगर ट्रक पेड़ से टकराकर नहीं रुकता तो सीधे 50 फीट गहरी खाई में चला जाता, जिससे बड़ी अनहोनी हो जाती।

बालमपुर घाटी हादसों की घाटी हादसों की घाटी कहलाने लगी है 12 महीने के अंदर बालमपुर घाटी पर आधे दर्जन से ज्यादा ट्रक पलट चुके है। जिसमें कई ड्राइवर क्लीनर घायल हो चुके हैं वही बालमपुर घाटी पर दुर्घटना से तीन व्यक्ति की मौत हो चुकी है। इन दुर्घटनाओं के कारण दो थाने और एक चौकी की पुलिस खासा परेशान रहती है।

# हाईवे-45 पर आपस में टकराई दो बाइक, लगी आग



### बाइक सवार गंभीर घायल होने पर रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

खरगोन फोरलेन 45 पर दो बाइक आपस में टकराने के बाद धूं-धूं होकर जल उठी। दोनों बाइक में आग लगने का कारण एक बाइक पर पेट्रोल रखा था तो दूसरी बाइक के सवार के मुंह में बीड़ी सुलग रही थी। बीड़ी की चिंगारी के संपर्क में आते ही पेट्रोल में आग भड़क उठी।

ग्राम बगलवाड़ा निवासी नन्नू लाल गंभीर रूप से झुलस गए, जिसे सिविल अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया। दूसरी बाइक का चालक भगवान दास को कोई चोट नहीं आई।

### दोनों बाइक जल गई

असावधानी पूर्वक बाइक चलाने पर दोनों बाइक की टक्कर हुई। वहीं पेट्रोल में बीड़ी की चिंगारी से आग पकड़ ली। दोनों बाइक घटना स्थल पर ही पूरी तरह से जलकर खाक हो जाने से सिर्फ फ्रेम ही दिखलाई दे रहे थे। स्थानीय लोगों ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों की मदद की।

# श्रीमद् भागवत कथा श्रवण से मिटते हैं पाप जीवन बनता है उद्धार का मार्ग : शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर के मॉ विजयासन मंदिर परिसर में संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा पुराण सप्ताह का आयोजन जारी है। कथा का संचालन कथा व्यास पंडित अभिषेक शास्त्री कर रहे हैं। उनके मुखारविंद से चल रही कथा श्रवण प्रक्रिया में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं।

कथा के दौरान पंडित शास्त्री ने कहा कि इस संसार में कोई किसी का नहीं है। यह केवल मतलब की दुनिया है और इस दुनिया की माया में हम सभी मानव फंसे हुए हैं। यदि हम कलियुग की माया से मुक्त होना चाहते हैं तो केवल भगवान की कथा श्रवण और भक्ति ही उपाय है। जो व्यक्ति भगवान की कथा सुनता है और भक्ति करता है, उसकी मानसिक शांति, जीवन में दिशा और आत्मिक उद्धार सुनिश्चित होता है।



कथा में उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस कलियुग में माया, मोह और व्यसनों का प्रभाव अत्यधिक है। लेकिन भगवान की भक्ति और कथा श्रवण व्यक्ति को इन बंधनों से मुक्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि व्यक्ति अपने जीवन को सुधारना चाहे तो इसे सुनने और आत्मसात करने से बेहतर कोई उपाय नहीं है। मॉ विजयासन मंदिर परिसर में कथा श्रवण के दौरान वातावरण पूर्णतः भक्ति और श्रद्धा से परिपूर्ण है। उपस्थित श्रद्धालु न केवल कथा सुन रहे हैं। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है।

### भागवत कथा मनोरंजन का साधन नहीं

कथा वाचक ने बताया कि भागवत कथा केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह मानव जीवन के लिए मार्गदर्शक और उद्धारकारी साधन है। व्यक्ति को अपने जीवन में अच्छे कर्म, सत्संग और भक्ति को अपनाना चाहिए। कथा श्रवण से पाप कर्म क्षय होते हैं और जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है। पं शास्त्री ने कहा कितना भी बड़ा पापी क्यों न हो, यदि वह भगवान की कथा सुनता है, तो उसके पाप धीरे-धीरे क्षय होने लगते हैं।

# सांसद खेल महोत्सव में बच्चों ने रस्साकशी में दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

क्षेत्रीय सांसद शिवराज सिंह चौहान के द्वारा अपने संसदीय क्षेत्र में खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। खेल के प्रति जो उमंग और उत्साह है वह दिखाई दे रहा है।

अर्द्धशासकीय संस्था सांई ज्ञान मंदिर में आयोजित खेल महोत्सव में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि धर्मेंद्र सिंह चौहान ने आयोजन में भाग लिया। संस्था ने रस्सा कशी एवं खो-खो खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

आयोजन के मुख्य अतिथि धर्मेंद्र सिंह चौहान ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खिलाड़ियों ने जिस तरीके से अपने जोश को लोगों के सामने अपनी कलात्मक कला का प्रदर्शन किया जो हमें प्रेरणादता है। इस दौरान नप उपाध्यक्ष सुरेश पाल, पूर्व उपाध्यक्ष अनिल सोनी, पार्षद कपिल अहिरवार, रघुवीर ठाकुर, हीरालाल गौर, संजय बिदुआ सहित शिक्षक और अन्य नागरिक मौजूद थे।



### शहरवासियों ने गंदगी और कचरे को लेकर लिखित में की शिकायत, नतीजा सिफर

# 18 वार्डों में सफाईकर्मी तो नियुक्त, फिर भी नहीं हो रही सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर के सभी 18 वार्डों में नगर पालिका परिषद द्वारा सफाई कर्मियों का भारी भरकम अमला तैनात है। इसके बादवजूद शहर के गली मोहल्लों सहित कालोनियों में जगह जगह कचरे गंदगी के ढेर लगे हैं, जो स्वच्छता अभियान को मुंह चिढ़ा रहे हैं। स्वच्छता के दावों को मुंह चिढ़ाती गंदगी ऐसा लगता है शहर की खूबसूरती को शायद ग्रहण लग गया हो। शहर में हर दूसरे वार्ड में समस्या, सड़क नाली की स्थिति भी खराब बनीं हुईं है।

नगर पालिका परिषद ने जनसमस्याओं के लिए टोल फ्री नंबर जारी किया है, जो फिलहाल बंद पड़ा है। कई वार्ड ऐसे हैं जहां के रहवासियों ने एकत्रित होकर नपा सीएमओ सुरेखा जाटव को लिखित आवेदन भी दे चुके, लेकिन उसका परिणाम सकारात्मक नहीं आया।

शहर में 18 वार्ड हैं, लेकिन हर वार्ड में गंदगी के अंबार लगे पड़े हुए हैं। सड़क और नाला, नालियों की स्थिति भी बेहद खराब है। मिश्र तालाब घाट वाला रास्ता हो या पूरेन तालाब रोड़ गंदगी से अटे पड़े हैं।

नगर के विभिन्न वार्डों में सफाई कर्मी नियुक्त हैं, लेकिन वह अपनी मनमर्जी से साफ सफाई करने वार्डों में पहुंचते हैं। कई बार तो वह उदासीनता बरतते हुए गायब रहते हैं। वार्ड के गली मोहल्ले में फैली गंदगी से छोटी दुर्गंध से वार्डवासी बेहद परेशान है। कई दफे हुए नगर पालिका में आवेदन देकर शिकायत कर चुके हैं। लेकिन साफ सफाई में हमेशा उनके द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। मीडिया कर्मियों द्वारा भी समस्या की खबरें जनहित में प्रकाशित की जा रही हैं। लेकिन नपा की जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों द्वारा उनके कानों पर जूं तक नहीं रेंगती।

हरिभूमि टीम ने जब शहर के कुछ वार्डों का निरीक्षण किया तो नगर पालिका के दावे और वादों की पोल खुल गई। कई जगह पर नालों की साफ सफाई और मरम्मत सालों से नहीं होना पाई गई।

### यहां फैली गंदगी

*शहर के वार्ड 9 फारेस्ट कॉलोनी, सांची रोड़ पीडब्ल्यूडी, एसडीओ कॉलोनी, कृषि गल्ला मंडी के पीछे, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, नरापुरा, होली चौक सहित ऐसे कई मोहल्ले हैं जो नगर पालिका की उदासीनता की भेंट चढ़े हुए हैं। ये वार्ड मूलभूत सुविधाओं से जूझ रहे हैं।*



### वार्ड बड़े, लेकिन कर्मी कम

सफाई के अभाव नाले गंदगी से लबरेज है उनके दुर्गंध से परेशान है। हालांकि नगर पालिका के कई वार्ड बड़े-बड़े हैं और सफाई कर्मियों की संख्या 2 से 3 ही है। कुछ वार्डों का क्षेत्रफल बड़ा होने की वजह से भी सफाई कर्मी सभी जगह नहीं पहुंच पाते, लेकिन तमाम इन समस्याओं की वजह से नपा भी अपने वादे से मुकर जाती है।

### स्वच्छता को लेकर शहरवासियों ने बताई समस्या

◆ महीनों सफाई नहीं की जाती है जिससे वार्ड के गली मोहल्लों में गंदगी चरम पर है। सफाई कर्मी रोजाना नहीं आते। घरों के सामने कचरा फैलने से बदबू चौबीस घंटे परेशान करती है।

**- मदन नामदेव,** वार्ड 3 के रहवासी।

◆ कई शिकायतों के बाद भी नपा द्वारा सफाई व्यवस्था के लिए कोई कदम नहीं उठाया है। नपा के स्वच्छता अधिकारी भी गंभीरता से ध्यान नहीं देते हैं। वार्ड के हालात खराब हैं। पार्षद भी कोई सुनवाई नहीं कर रहे।

**- प्रमेश यादव,** वार्ड 4 के रहवासी

◆ वार्ड की नालियों व सड़कों की स्थिति खराब हैं। नाली जाम होने से मच्छरों मक्खियों का प्रकोप बढ़ गया है। आए दिन मवेशियों का डेरा वार्ड में लगा रहता है।

गजेंद्र गोलू मीणा, वार्ड 9 रहवासी

**इनका कहना है**

आपके द्वारा सफाई नहीं होने की शिकायतें मिली है। हम सफाई कर्मियों को भेजकर सफाई करवा देते हैं। डोर टू डोर कचरा वाहन जब गली मोहल्लों में घूमते हैं तो रहवासी इनका सहयोग दें।

**- शशिकांत मोहड़,** नपा स्वच्छता प्रभारी।

**न्यायालय तहसीलदार तहसील गौहरगंज जिला रायसेन म.प्र.**

प्रकरण क्रमांक 0055/ब-121/2025-26
1- श्री विमलसिंह आ. रामगोपाल निवासी व कृषक ग्राम पिपलियागज्जू......... आवेदक
विरूद्ध
1- श्रीमति तुलसी राजपूत पत्नी श्री नथनसिंह राजपूत निवासी 150 रेल्वे कोच फैक्ट्री रोड राजेन्द्र नगर कालोनी भोपाल .............. अनावेदक
// सूचना पत्र //

एतद् द्वारा उभय पक्षकारों को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विमलसिंह आ. रामगोपाल के नाम दर्ज ग्राम पिपलियागज्जू स्थित भूमि खसरा नंबर 69/2/1 रकबा 0.979 हेक्टेयर के नक्शा सीमा में अनावेदक श्रीमति तुलसी राजपूत पत्नी श्री नथनसिंह राजपूत निवासी 150 रेल्वे कोच फैक्ट्री रोड राजेन्द्र नगर कालोनी भोपाल के द्वारा अवैध रूप से प्लाट काटकर खसरा नंबर 69/2/2 रजिस्ट्री में दशार्या जाकर प्लाट क्रमांक 192 (राकेश कुमार आ. धीरजसिंह, अनीताबाई पत्नी राकेश सिंह), प्लाट क्रमांक 189 (राकेश पाल आ. मोहरसिंह पाल व बबीता पाल पत्नी राकेश पाल), प्लाट क्रमांक 223 (इन्दरसेन सिंह आ. पीतम्बरर सिंह व ममता सिंह पत्नी इन्द्रसेन सिंह) को विक्रय कर दी गई है। मौके पर उपरोक्त भूधारियों के द्वारा मकान बनाकर निवासरत हैं। वर्तमान नक्शा अनुसार उपरोक्त अंकित सभी प्लाट खसरा क्रमांक 69/2/2 के अंशभाग पर निर्मित है। अतः आप उक्त संबंध में सूचना प्रकाशन के सात दिवस के भीतर न्यायालय तहसीलदार गौहरगज के समक्ष में उपस्थित होकर भूमि स्वत्व संबंधी दस्तावेज उपलब्ध करावें। अनुपस्थिति की दशा में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। आज दिनांक 13-11-2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी।

**तहसीलदारार**
**तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन**

**जाहिर सूचना**

भवन क्र. 151, दुर्गा चौक, खटीक मोहल्ला, मेन मार्केट, मंडीदीप, तह. गौहरगंज, जिला रायसेन

मेरे पक्षकार हिन्दुजा हाऊसिंग फाईनेंस लि., शाखा जोन-2, एम.पी. नगर, भोपाल, की ओर से सर्वसाधारण को सूचित हो कि लक्ष्मीनारायण मीणा, श्रीमती सावित्री बाई एवं जगदीश प्रसाद मीणा ने अपनी 01 संपत्ति जो कि भवन क्र. 151, दुर्गा चौक, खटीक मोहल्ला, मेन मार्केट क्षेत्र, वार्ड नं. 04, मंडीदीप, तह. गौहरगंज, जिला रायसेन (म.प्र.) में स्थित है, को मेरे पक्षकार बैंक के पास बंधक रखकर ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन किया है। उक्त संपत्ति की नाप 2808 वर्गफिट होकर चतुर्सीमायें पूरब में - दीपक खटीक का मकान, पश्चिम में -मार्केट रोड, उत्तर में -जगदीश प्रसाद मीणा का मकान एवं दक्षिण में- 5 फिट गली है। उक्त पक्षकारों को उक्त संपत्ति श्री सुखराम जी की मृत्यु पश्चात नगर पालिका परिषद, मण्डीदीप द्वारा दि. 17-07-23 को नगरीय अभिलेखों में नामांतरित की गई। तत्पश्चात् लक्ष्मीनाराण जी ने उक्त संपत्ति के पक्ष में एक सह-स्वामित्व विलेख जो कि उनके एवं उनकी पत्नी श्रीमती सावित्री बाई के मध्य उप-पंजीयक, औबेदुल्लागंज में ई-पंजी नं. एमपी292632024A1005835 पर दि. 02/01/24 को पंजीकृत किया। इस प्रकार से उक्त संपत्ति पर लक्ष्मीनारायण मीणा एवं श्रीमती सा-वित्री बाई की बराबर हिस्सेदारी (50%) मानी गयी है। संपत्ति से संबंधित सभी लिंक दस्तावेज, पावती इत्यादि मेरे पक्षकार बैंक के पास सुरक्षित रखे गए हैं। यदि उक्त सम्पति में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी इत्यादि का किसी भी प्रकार का ऋण, भार, दान, बंधक या कोई हित्त हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार का अनुबंध हो तो, वह व्यक्ति, इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर लिखित में मय दस्तावेजी प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। यदि उक्त समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति को बंधक रखकर ऋण प्रदान कर देंगे तथा अवधि पश्चात प्राप्त होने वाली कोई भी आपत्ति या विवाद न तो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी होगा एवं न ही मान्य होगा।

**अभिषेक पंसारी** अधिवक्ता
ऑफिस- दुकान क्रमांक 02, डिस्ट्रिक्ट बार कैंटीन, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011
मो.: 9993186085, 07554337451